दिन– रविवार दिनांक– 17 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने चांदी के आयात पर प्रतिबंध लगाया।

02. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने पहली जुलाई से कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों के लिए तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य किया।

03. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज नालंदा के राजगीर में मलमास मेले का करेंगे उद्घाटन।

04. और, मौसम विभाग ने कहा – अगले दो दिनों के दौरान पटना सहित प्रदेश के बीस जिलों में बनी रहेगी उमसभरी गर्मी की स्थिति। अधिकतम तापमान तैंतालीस डिग्री सेल्सियस तक रहने की सम्भावना।

———————————————————

केन्द्र सरकार ने कीमती धातुओं पर भारी सीमा शुल्क लगाने के कुछ ही दिनों बाद, चांदी के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक अधिसूचना में कहा है कि सोने और प्लैटिनम से मढ़ी हुई चांदी सहित चांदी की आयात की नीति को मुक्त से, प्रतिबंधित करके संशोधित कर दिया गया है। इससे पहले सरकार ने कीमती धातुओं पर आयात शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर पन्द्रह प्रतिशत कर दिया था। गैरतलब है कि प्रतिबंधित श्रेणी के अंतर्गत आने वाली वस्तुओं के आयात के लिए सरकारी लाइसेंस की आवश्यकता होती है।

———————————————————

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड– सी बी एस ई ने पहली जुलाई से कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों के लिए तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य कर दिया है। बोर्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति– दो हजार बीस और राष्ट्रीय विद्यालय शिक्षा पाठ्यक्रम दो हजार तेईस के अनुरूप इन तीन भाषाओं में से कम से कम दो भारतीय मूल की भाषाएं होनी चाहिए। सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि कक्षा दसवीं में तीसरी भाषा–आर–थ्री के लिए कोई बोर्ड परीक्षा नहीं होगी और आर–थ्री के लिए सारा मूल्यांकन पूरी तरह से विद्यालय आधारित और आंतरिक होगा।

———————————————————

नालंदा के राजगीर में आज से एक माह तक चलने वाला मलमास मेला शुरू हो रहा है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी इस राजकीय मेले का उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव सहित कई गणमान्य लोग

उपस्थित रहेंगे। पर्यटन विभाग के विशेष सचिव सह निदेशक उदयन मिश्रा ने बताया कि आज ध्वजारोहण, देवी–देवताओं के आवाह्न और पूजन के साथ मेले का शुभारंभ होगा। उन्होंने बताया कि सत्ताईस मई को प्रथम शाही स्नान, इकतीस मई को द्वितीय जबकि ग्यारह जून को तृतीय शाही स्नान का आयोजन किया जायेगा। मेले की सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। एक रिपोर्ट–

———साउंड बाईट———

आध्यात्म, आस्था और संस्कृति के अद्भुत संगम का प्रतीक ऐतिहासिक राजकीय मलमास मेला के लिए राजगीर पूरी तरह सजधज कर तैयार हो चुका है। जिला प्रशासन की ओर से कल्पवासियों और तीर्थयात्रियों के लिए आवासन, सुरक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता और भीड़ नियंत्रण की व्यापक एवं हाईटेक व्यवस्था की गयी है। राजगीर के गर्म जल के कुंडों, विशेषकर ब्रह्मकुंड, सप्तधारा और पवित्र नदियों में स्नान के लिए विशेष प्रबंध किये गये हैं। मान्यता है कि मलमास के दौरान यहां स्नान करने से पापों का क्षय होता है। पुण्य और मोक्ष की प्राप्ति होती है। हर तीन वर्ष पर आयोजित होने वाला यह पौराणिक मेला सदियों से आस्था का केंद्र रहा है। मेले में देश–विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं के ठहराव के लिए विशाल टेंट सिटी बसायी गयी है। मेले में "दीदी की रसोई" के माध्यम से श्रद्धालुओं को सुलभ भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। मेला क्षेत्र में सुरक्षा के लिए पांच सौ सीसीटीवी और एआई आधारित कैमरे लगाए गये हैं।

आकाशवाणी समाचार के लिए नालंदा से निरंजन कुमार।

————————————————————————

कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि राज्य में कृषि अवसंरचना कोष के तहत सामुदायिक कृषि परिसम्पत्तियों के निर्माण के लिए निवेश को बढ़ावा दिया जा रहा है। पटना में विभागीय समीक्षात्मक बैठक में श्री सिन्हा ने कहा कि योजना के अन्तर्गत दो करोड़ रूपये तक के सभी ऋणों पर प्रति वर्ष तीन प्रतिशत की दर से ब्याज में छूट दी जायेगी। यह सुविधा अधिकतम सात वर्षों के लिए होगी। कृषि मंत्री ने कहा कि इस योजना के अन्तर्गत दो हजार पैंतालीस परियोजनाएं स्वीकृत की जा चुकी हैं।

————————————————————————

केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने मुंगेर के पोलो मैदान में अत्याधुनिक फुटबॉल टर्फ मैदान का उदघाटन किया। इसके बाद केंद्रीय मंत्री ने जिले में लगभग अड़तीस लाख रुपये की लागत से जिला परिषद भवन के सौंदर्यीकरण कार्य का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक भवनों का सुदृढ़ीकरण और सौंदर्यीकरण न केवल कार्य संस्कृति को बेहतर बनाता है, बल्कि आमजन के बीच भी सकारात्मक संदेश देता है।

————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने गर्मियों की छुट्टियों के दौरान संचालित होने वाली वैकेशनल बेंच की सुनवाई पूरी तरह वर्चुअल मोड में करने का निर्णय लिया है। न्यायालय प्रशासन की ओर से जारी निर्देश के अनुसार कल से चार जून तक कार्य दिवसों में वैकेशन बेंच के समक्ष सूचीबद्ध सभी मामलों की सुनवाई केवल वीडियो

कांफ्रेंसिंग के माध्यम हो होगी। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि प्रत्येक कोर्ट का वीडियो कांफ्रेंसिंग लिन्क न्यायालय की आधिकारिक वेबसाईट पर उपलब्ध कराया जायेगा।

———————————————————————

प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था के मद्देनजर बिहार राज्य पथ परिवहन निगम कल से सचिवालय कर्मियों के लिए विशेष इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू करेगा। परिवहन सचिव राज कुमार ने बताया कि इस पहल से बड़ी संख्या में सरकारी कर्मियों को सुलभ और समयबद्ध आवागमन की सुविधा मिलेगी। साथ ही निजी वाहनों पर निर्भरता कम होने से ईंधन की बचत को बढ़ावा मिलेगा। इधर, परिवहन विभाग अब दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए भी विशेष बस सेवा शुरू करेगा। पहले चरण में इन बसों का परिचालन पटना जिले में किया जायेगा।

———————————————————————

राज्य सरकार ने बड़े पैमाने पर प्रशासनिक व्यवस्था में नई जिम्मेदारी दी है। मंत्रिमंडल सचिवायलय विभाग के अनुसार अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव स्तर के चौंतीस अधिकारियों को अलग–अलग जिलों का प्रभारी सचिव नियुक्त किया गया है। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के विशेष सचिव अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार को पटना जिला और संतोष कुमार मल्ल को भोजपुर जिले का प्रभारी सचिव बनाया गया है। जारी अधिसूचना के अनुसार गया जिले के लिए रॉबट एल, चौंगथू, सारण के लिए पंकज कुमार और मधुबनी के लिए नर्मदेश्वर लाल को प्रभारी सचिव बनाया गया है।

———————————————————————

हिन्दुस्तन पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड– एच.पी.सी.एल. ने सोशल मीडिया पर जारी उस वीडियो को खारिज कर दिया है, जिसमें गयाजी में पेट्रोल पम्पों पर पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने और पेट्रोल पम्प खाली होने का दावा किया गया है। एच.पी.सी.एल. ने एक बयान में स्पष्ट किया है कि यह वीडियो भ्रामक, निराधार और वास्तविकता से परे है। कम्पनी ने कहा है कि वीडियो में किया गया दावा पूरी तरह गलत है और पेट्रोल पम्पों की वास्तविक स्थिति से पूरी तरह विपरीत है। एच.पी. सी.एल. ने ग्राहकों को सलाह दी है कि वे सोशल मीडिया पर प्रसारित गुमराह करने वाली ऐसी ख़बरों पर विश्वास न करें। कम्पनी ने लोगों से आधिकारिक सूचना माध्यमों पर भरोसा करने का आग्रह किया है।

———————————————————————

प्रदेश के जनजातीय बहुल गांवों में कल से पच्चीस मई तक जनभागीदारी अभियान ''सबसे दूर सबसे पहले'' का आयोजन किया जायेगा। केन्द्रीय अनुसूचित जाति

अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग की इस योजना में इन गांवों में शिविर लगाकर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से आवेदन लिया जायेगा और उन्हें सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। हमारे सुपौल संवाददाता ने बताया कि जिले के किशनगंज, त्रिवेणीगंज और वसंतपुर प्रखंड के चयनित गांवों में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

———————————————————————

राजधानी पटना सहित प्रदेश के बीस जिलों में उमसभरी गर्मी की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले दो दिनों के दौरान पटना, कैमूर, रोहतास, भोजपुर, बक्सर, अरवल, जहानाबाद, गया और औरंगाबाद सहित कई जिलों में दिन का तापमान अड़तीस डिग्री सेल्सियस से तैंतालीस डिग्री सेल्सियस रहने की सम्भावना है। इधर, मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के अनुसार अररिया और किशनगंज जिले के कुछ स्थानों में अगले चौबीस घंटे के दौरान हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना है। इस दौरान मेघगर्जन और वज्रतात की आशंका है।

———————————————————————

आज विश्व दूरसंचार और सूचना समाज दिवस है। आज ही के दिन 1865 में पेरिस में संयुक्त राष्ट्र डिजिटल–प्रौद्योगिकी एजेंसी–अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ की स्थापना की गई थी। इस दिवस का उद्देश्य इंटरनेट और इससे जुडी तकनीकों के सकारात्मक उपयोग को बढ़ावा देना है।

———————————————————————

आज विश्‍व उच्च रक्तचाप दिवस है। इसका उद्देश्य उच्च रक्तचाप के बारे में वैश्विक जागरूकता, रोकथाम, पहचान और नियंत्रण को बढ़ावा देना है। इस वर्ष का विषय है–उच्च रक्तचाप को मिलकर नियंत्रित करें। नियमित रूप से अपने रक्तचाप की जांच करें और इस बीमारी को हराएं। इधर, इस दिवस पर कार्डियोलॉजिकल सोसाईटी ऑफ इंडिया की बिहार इकाई की ओर से पटना में जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सोसाईटी के अध्यक्ष डॉक्टर संजीव कुमार बताया कि इन शिविरों में लोगों को उच्च रक्तचाप से निपटने की सलाह दी जायेगी।

———————————————————————

और अब, एक महत्वपूर्ण सूचना–

———प्रोमा———

———————————————————————

उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ के कंधरापुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर एक कंटेनर और एक चारपरिया वाहन की टक्कर में एक ही परिवार के चार समेत

पांच लोगों की मौत हो गयी। सभी मृतक सीवान जिले के सिसवन प्रखंड के ग्यासपुर गांव के रहने वाले थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कार सवार लोग सीवान जिले से हरियाणा के फरीदाबाद जा रहे थे।

———————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने जमुई जिला स्थित सिमुलतला आवासीय विद्यालय में ग्यारहवीं कक्षा में नामांकन की तिथि बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी इक्कीस मई तक ऑनलाईन आवेद कर सकते हैं। इससे पहले आवेदन की अंतिम तिथि चौदह मई निर्धारित थी।

———————————————————————

लखीसराय जिला प्रशासन ने बाईपास स्थित रेल ओवर ब्रिज के स्पैन में आए दरार को देखते हुये लखीसराय बाईपास पर भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगा दी है। पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने कहा है कि वैकल्पिक मार्ग तलाशने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि इस आरओबी की निर्माण एजेंसी को काली सूची में डाल गया है।

———————————————————————

सिवान जिले के मैरवा थाना क्षेत्र के इंग्लिश गांव में पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में तीन हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्कर के पास से एक पिस्टल, पच्चीस कारतूस और चार मोटरसाईकिल समेत एक चार पहिया वाहन जब्त किया गया है।

———————————————————————

अररिया जिले के रानीगंज पलासी सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों में विशेष छापेमारी अभियान के तहत आधा दर्जन गैर—जमानती वारंटी को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————

रोहतास जिले के नौहट्टा प्रखंड में फर्जी शैक्षणिक प्रमाण पत्र मामले में छह शिक्षकों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। बर्खास्त शिक्षकों से वेतन और अन्य मद में दी गई राशि की वसूली करने का भी निर्णय लिया गया है।

———————————————————————

भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया टोल प्लाजा के पास वाहन जांच के दौरान पुलिस ने लगभग पांच सौ ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

आईपीएल क्रिकेट में आज दो मुकाबले खेले जाएंगे। धर्मशाला में दोपहर साढे तीन बजे से पंजाब किंग्स का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। वहीं, एक अन्य मैच में, दिल्ली में शाम साढे सात बजे से दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स आमने सामने होंगे। इधर, कल खेले गये मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स ने गुजरात टाइटन्स को उनतीस रनों से हरा दिया।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा, देश का तीसरा निफ्टेन हाजीपुर में खुलेगा। अखबार लिखता है– सौ एकड़ जमीन सरकार ने दी, केन्द्र से मिली मंजूरी।

दैनिक जागरण लिखता है– आय से अधिक सम्पत्ति मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंता के घर ईओयू का छापा। लाखों की नकदी और सोना–चांदी भी बरामद।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर है– तय समय दो हजार सत्ताईस तक जमीन जमीन सर्वे पूरा करने के लिए सरकार की रणनीति। बंटवारा नहीं तो, जिनके नाम जमीन है, उन्हीं का नाम सर्वे में रहेगा। प्रभात खबर ने नीट पेपर लीक से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– एनटीए ने जिस बॉटनी टीचर को बनाया था एक्सपर्ट, उसी ने लीक किये प्रश्न। आज अखबार का शीर्षक है–बिहार के चार स्मार्ट शहरों में यातायात पुलिस की बड़ी बहाली।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्र सरकार ने चांदी के आयात पर प्रतिबंध लगाया।

02. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने पहली जुलाई से कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों के लिए तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य किया।

03. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज नालंदा के राजगीर में मलमास मेले का करेंगे उद्‌घाटन।

04. और, मौसम विभाग ने कहा – अगले दो दिनों के दौरान पटना सहित प्रदेश के बीस जिलों में बनी रहेगी उमसभरी गर्मी की स्थिति। अधिकतम तापमान तैंतालीस डिग्री सेल्सियस तक रहने की सम्भावना।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।